प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 04.12.2024 समय : 01:00 पी.एम.

.....................

प्रदेश में निवेश अनुकूल वातावरण तैयार करने और अर्थव्यवस्था को दोगुना करने के उद्देश्य से राज्य सरकार आज 9 नई नीतियां लॉंच करेगी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े उद्योगपति और स्टेक होल्डर्स की उपस्थिति में मुख्यमंत्री कार्यालय से इन नीतियों की शुरूआत करेंगे। इनमें राजस्थान एमएसएमई नीति, निर्यात संवर्द्धन नीति, एक जिला एक उत्पाद नीति, एकीकृत क्लस्टर विकास योजना, राजस्थान ।टळॅ – ग्त नीति, पर्यटन इकाई नीति, एकीकृत स्वच्छ ऊर्जा नीति, खनिज नीति और राजस्थान एम–सेण्ड नीति–2024 शामिल है। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी, डॉ. प्रेमचंद बैरवा, उद्योग मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ और ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर सहित कई वरिष्ठ मंत्री और अधिकारी मौजूद रहेंगे।

.....................

महाराष्ट्र भाजपा विधायक दल की बैठक में आज देवेंद्र फडणवीस को दल का नेता चुना गया है। वे कल मुख्यमंत्री पद की शपथ ग्रहण करेंगे। विधायक दल का नेता चुने जाने पर श्री फडणवीस ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन के अनुसार राज्य के विकास के लिए प्रयास करेंगे।

.....................

आज नौसेना दिवस है। भारतीय नौसेना की भूमिका और उपलब्धियों को मान्यता देने के लिए हर साल 4 दिसम्बर को यह दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर ओडिशा के पुरी में ब्लू फ्लैग बीच पर नौसेना दिवस समारोह का आयोजन किया जा रहा है। समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगी। इस दौरान नौसेना कमांडो और सैन्य कर्मियों के साथ 15 से अधिक जहाजों, पनडुब्बियों और 40 विमानों की विशिष्ट क्षमता का प्रदर्शन किया जाएगा।

कार्यक्रम में मिग–29 के और हॉक लड़ाकू विमानों तथा मार्कोस और युद्धपोतों के युद्धाभ्यास का प्रदर्शन भी किया जाएगा।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नौसेना दिवस के अवसर पर जवानों को बधाई देते हुए सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि नौसेना के बहादुर जवान बेजोड़ साहस और समर्पण के साथ देश की समुद्री सीमाओं की रक्षा करते हैं। उनकी प्रतिबद्धता राष्ट्र की सुरक्षा, संरक्षा और समृद्धि सुनिश्चित करती है। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने भी अपने सोशल मीडिया संदेश में कहा कि देश की समूद्री सीमाओं की सुरक्षा में नौसेना की दृढता, सतर्कता और अटूट समर्पण बहुत सराहनीय और प्रेरणादायक है।

.....................

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन– इसरो आज पीएसएलवी– सी–59 से यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी के प्रोबा–3 उपग्रह का प्रक्षेपण करेगा। श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केन्द्र से यह प्रक्षेपण शाम चार बजकर आठ मिनट पर होगा। प्रक्षेपण की उल्टी् गिनती कल सुबह दो बजकर 38 मिनट पर शुरू हुई थी और यह सुचारू रूप से आगे बढ रही है। इसरो की व्यावसायिक शाखा न्यू स्पेस लिमिटेड को यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी से प्रक्षेपण का यह ऑर्डर मिला था। प्रोबा–3 यूरोपीय एजेंसी का कक्षा निरूपण मिशन है। यह अंतरिक्ष की निर्धारित कक्षा में पहुंचने के बाद दो उपग्रहों में बंट जाएगा। ये उपग्रह सूर्य के प्रभामंडल, इसके आस–पास के वातावरण, अंतरिक्ष के मौसम और सौर पवन का अध्ययन करेंगे।

.....................

चूरू–हनुमानगढ़ मेगा हाई–वे पर एक सड़क हादसे में कार में सवार पांच लोगों की मृत्यु हो गई और दो और गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को बीकानेर रेफर किया गया है। ये दुर्घटना कार

के कैंटर से टकरा जाने से हुई। कार में सवार सभी लोग सरदारशहर से हनुमानगढ़ जा रहे थे। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने इस दुर्घटना पर शोक व्यक्त किया है। उन्होंने अधिकारियों को घायल नागरिकों को तुरंत चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इधर बालोतरा के गिडा–जाजवा मार्ग पर कल दो मोटरसाईकिलों की आमने–सामने की टक्कर में एक व्यक्ति की मौके पर ही मृत्यु हो गई। वही दूसरे की ईलाज के दौरान मृत्यु हुई। हादसे में एक महिला घायल हो गई। एक अन्य हादसा पाली के घेनडी–सिवासा मार्ग पर हुआ जहां दो मोटरसाईकिलों की टक्कर में एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई।

....................

सूचना और प्रसारण मंत्रालय के केंद्रीय संचार ब्यूरो की ओर से पाली जिले के सुमेरपुर में आज से विकसित भारत /2047 मल्टीमीडिया प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। दो दिन तक चलने वाली इस प्रदर्शनी में विभिन्न जन–कल्याणकारी योजनाओं पर केंद्रित स्टॉल्स लगाई गई। इस प्रदर्शनी के दौरान सेल्फीबूथ भी लगाये गये है। प्रश्नोत्तरी, निबंध और पेंटिंग सहित अनेक प्रतियोगिताएं भी आयोजित होंगी।

....................